**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 15**
**सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## आंध्र प्रदेश में नए विमानपत्तनों की स्थापना

**15. श्री मस्तान राव यादव बीडा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में कितने नए विमानपत्तन विकसित किए गए हैं;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित विमानपत्तनों से वर्तमान में कितनी उड़ानें संचालित की जा रही हैं;

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य में प्रस्तावित विमानपत्तनों की कुल संख्या कितनी है और ऐसे विमानपत्तनों की संख्या का ब्यौरा क्या है जहाँ कार्य आरंभ हो चुका है; और

(घ) आंध्र प्रदेश के एसपीएसआर नेल्लोर जिले में प्रस्तावित दगादर्थी विमानपत्तन की क्या स्थिति है और दगादर्थी विमानपत्तन के निर्माण के लिए विभिन्न गतिविधियाँ शुरू करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान, आंध्र प्रदेश राज्य में ओर्वाकल (कुर्नूल) में एक नया ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा विकसित किया गया है।

(ख) आंध्र प्रदेश के हवाईअड्डों पर प्रति सप्ताह उड़ानों की आवाजाही (आगमन+प्रस्थान) की संख्या 1194 है।

(ग) और (घ): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है।

भारत सरकार ने वर्ष 2016 में आंध्र प्रदेश राज्य में ओर्वाकल (कुर्नूल), दगदार्थी (नेल्लोर) और भोगापुरम में तीन ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के निर्माण के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। आंध्र प्रदेश हवाईअड्डा विकास निगम लिमिटेड (एपीएडीसीएल) ने तीनों हवाईअड्डा परियोजनाओं का विकास कार्य शुरू कर दिया है। ओर्वाकल (कुर्नूल) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा

वर्ष 2021 में प्रचालनरत हो गया है। भोगापुरम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना का निर्माण कार्य भी सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत प्रगति पर है।

दगदार्थी हवाईअड्डे के संबंध में, एपीएडीसीएल और नेल्लोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एनआईएएल) के बीच वर्ष 2018 में रियायत समझौता हुआ था, जिसे बाद में आंध्र प्रदेश सरकार (जीओएपी) द्वारा रद्द कर दिया गया। ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 के अनुसार, नेल्लोर हवाईअड्डा परियोजना के क्रियान्वयन हेतु नए हवाईअड्डा विकासकर्ता को अनुबंधित करना, भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंज़ूरियों की उपलब्धता, परियोजना के वित्तपोषण सहित आगे की आवश्यक कार्रवाई, आंध्र प्रदेश सरकार/एपीएडीसीएल द्वारा की जानी है।

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कुप्पम में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए साइट मंजूरी प्रदान करने हेतु जून, 2025 में आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से आवेदन प्राप्त हुआ है।

*****